


## खबर संक्षेप

### अवैध शराब बेचने वालों को पुलिस ने दबोचा



कांकेर। पखांजुर पुलिस ने 27 नवंबर को छापामार कार्यवाही करते हुए तीन लोगो को पकड़ा और उसके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पखांजुर निवासी अशोक व्यापारी के कब्जे से 7 लीटर महुआ शराब व नगद 210 रूपएं और आरोपी पखांजुर निवासी 36 वर्षीय रंजन विश्वास के कब्जे से 8 लीटर महुआ शराब व नगद 250 रूपएं को जप्त कर धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला किया गया। आरोपी पखांजुर निवासी 38 वर्षीय दीपंकर मजुमदार अपने घर आंगन में अन्य लोगो को शराब पीने के लिए सुविधा देते हुए पकड़ा गया। आरोपी दीपंकर के खिलाफ धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### घायल युवक की हुई मौत पर मर्ग कायम

कांकेर। थाना चारामा अंतर्गत चारामा निवासी 30 वर्षीय पुष्पेंद्र कुमार साहू सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था। इलाज के लिए रायपुर के अस्पताल में भर्ती किया गया। इलाज के दौरान 13 अक्टूबर को घायल की मौत हो गई। अस्पताल द्वारा अस्पताली मेमो पेश करने पर मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### किसानों की समस्या : किसानों ने रखी समस्याओं की लंबी सूची

# किसानों ने उमरादाह में किया महामंथन मांगें पूरी नहीं हुई तो करेंगे उग्र आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर/उमरादाह

- बैंक भुगतान, बैंक निर्माण, पोर्टल त्रुटि और 400 यूनिट हाफ बिजली योजना पुन: लागू करने की माँग तेज

अतिवृष्टि और विपरीत मौसम की मार से इस वर्ष फसलों का उत्पादन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। कम पैदावार, समर्थन मूल्य में बेचे जाने तक की बाधाएँ और लगातार बढ़ते बिजली बिलों ने किसानों की आर्थिक स्थिति को और भी कमजोर कर दिया है। इसी बढ़ती समस्याओं की श्रृंखला ने अब किसानों का धैर्य जवाब दे दिया है। किसानों की इन्हीं चिंताओं और बढ़ती व्यथा को आवाज देने के उद्देश्य से किसान संघ द्वारा 29 नवंबर को ग्राम उमरादाह में महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता किसान संघ के अध्यक्ष रतन सिंह वट्टीप ने की और बड़ी संख्या में किसान इसमें शामिल



हुए। बैठक की शुरुआत इस वर्ष हुई अतिवृष्टि और उसके कारण हुए भारी नुकसान पर गंभीर चर्चा के साथ हुई। किसानों ने बताया कि प्राकृतिक आपदाओं पर किसी का नियंत्रण नहीं होता, ऐसे में सरकार को चाहिए कि वह पूर्व वर्षों की बीमा राशि और इस साल की क्षतिपूर्ति को जल्द से जल्द किसानों तक पहुँचा दे, ताकि वे अपनी आर्थिक स्थिति को संभाल ▶▶| शेष पेज 10 पर

#### किसानों ने समाधान की माँग की

धान खरीदी केन्द्रों में खरीदी लिमिट बढ़ाने का मुद्दा भी बैठक में प्रमुखता से रखा गया। किसानों ने बताया कि इस वर्ष एग्रीस्टेक पोर्टल में उनके रकबा और खसरा विवरण अपडेट नहीं हो सके, जिसके कारण कई पात्र किसान धान बेचने से वंचित हैं। इसे गंभीर त्रुटि बताते हुए किसानों ने प्रशासन से तत्काल समाधान की मांग की और कहा कि पोर्टल में सुधार होने तक किसानों को वैकल्पिक व्यवस्था के तहत धान बेचने की अनुमति दी जानी चाहिए।



#### बिजली बिल से किसान हुए परेशान

बिजली बिलों में लगातार बढ़ोतरी को किसानों ने अनुचित ठहराते हुए पिछली 400 यूनिट हाफ बिजली योजना को फिर से लागू करने की मांग पर जोर दिया। किसानों ने कहा कि बढ़ते बिजली बिल उनकी आय के विपरीत हैं और इससे कृषि कार्यों पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। साथ ही भूपेश बघेल सरकार के दौरान घोषित की गई योजनाओं में से चौथी किस्त का भुगतान शीघ्र जारी करने की भी मांग की गई।

#### आयोजित बैठक में यह रहे शामिल

इस बैठक में किसान संघ समिति के सदस्य चैन सिंह यादव, पवन कुमार जैन, बसंत नाग, सुरेंद्र जैन, गंगाराम नेताम, फिरतु राम पद्दा, सरजू राम नाग, निलेश कुमार उईके, फरस राम ठाकुर, दयाराम उईके, प्रेमलाल पडोती, बलराम पडोती, सदाराम नाग, ललीत कल्लो, बनवारी नेताम, महेश शोरी, बलराम उईके, रामसेवक उईके, रिकेश्वर कोडोपी, दरबारी मंडावी, मयाराम मंडावी सहित अनेक किसान उपस्थित रहे।

### कांग्रेस ने बसंत यादव पर जताया भरोसा व कांकेर जिला अध्यक्ष की सौंपी कमान



कांकेर। लंबे इंतजार और संगठन सृज अभियान के तहत कई जिम्मेदार पदाधिकारी कांकेर पहुँचे और कई विकासखंड में दौरा करके चेहरे की तलाश किया, परंतु पहले दिन से ही बसंत यादव के अध्यक्ष बनाए जाने का ठप्पा लग चुका था और अंततः कांग्रेस ने बसंत यादव को कांकेर जिला कांग्रेस कमेटी का नया जिलाध्यक्ष नियुक्त कर दिया है। राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा की गई इस घोषणा के बाद जिले के कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। पार्टी सूत्रों के अनुसार संगठन विस्तार और आगामी राजनीतिक चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया गया है, ताकि जिले में कांग्रेस की पकड़ और मजबूत की जा सके। कांग्रेस ने भी भाजपा की तरह पिछड़ा वर्ग के चेहरे पर दांव लगाया है। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष बसंत यादव को संगठन में सक्रिय, जमीनी नेता और कार्यकर्ताओं के बीच लोकप्रिय चेहरा माना जाता है। वे लंबे समय से पार्टी के विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल रहते हुए एनजीओ का संचालन करते आ रहे है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं का मानना है कि उनकी नियुक्ति से न सिर्फ संगठनात्मक गतिविधियों में तेजी आएगी बल्कि युवा कार्यकर्ताओं को भी आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। नए जिलाध्यक्ष बनाए जाने के बाद बसंत यादव ने कहा कि यह जिम्मेदारी उनके लिए सम्मान के साथ-साथ बड़ी चुनौती भी है। उन्होंने कहा कि वे संगठन को मजबूत करने, बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने और जनता की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने के लिए लगातार प्रयास करेंगे। उन्होने यह भी कहा कि संगठन में एकजुटता ही कांग्रेस की सबसे बड़ी शक्ति है और वे सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को साथ लेकर काम करेंगे। कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष की नियुक्ति का स्वागत करते हुए राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व का ▶▶| शेष पेज 10 पर

## तारसगांव में सोलर पंप चोरों का कहर, तीन किसानों की सिंचाई व्यवस्था ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- किसानों की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात पर दर्ज किया मामला

तारसगांव में किसानों की मेहनत को पंख देने वाले सोलर पंपों पर अज्ञात चोरों ने ऐसी नजर डाली कि तीन ग्रामीणों की सिंचाई व्यवस्था ही ठप पड़ गई। एक ही रात में तीन किसानों के खेतों से 2 लाख 64 हजार रुपए मूल्य के सोलर पंप चोरी हो जाने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। पुलिस ने शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

चारामा थानांतर्गत तारसगांव में क्रेडा विभाग द्वारा किसानों को उपलब्ध कराए गए सोलर पंपों की चोरी ने ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है। घटना 21 नवंबर की रात की बताई जा रही है, जब चोरों ने सुनसान



खेतों को निशाना बनाकर तीन अलग-अलग कृषकों के खेतों में लगे सोलर पंप, स्टार्टर और केबल वायर उखाड़कर गायब हो गए। शिकायतकर्ता तारसगांव निवासी 48 वर्षीय जैतराम शोरी पिता दाउराम शोरी चारामा थाना पहुंचे और पुलिस को घटना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वे महानदी के नाव घाट के पास स्थित अपने खेत में खेती-किसानी का कार्य करते हैं। सिंचाई के लिए उन्हें क्रेडा विभाग द्वारा 64 हजार रुपए का सोलर पंप, 28 हजार ▶▶| शेष पेज 10 पर

## अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आने से मोटरसायकिल चालक का पैर टूटा





हरिभूमि न्यूज ▶▶| धनेलीकन्हार

- भानुप्रतापपुर के धनेलीकन्हार में हुआ भीषण हादसा

भानुप्रतापपुर मार्ग पर स्थित धनेलीकन्हार में शनिवार दोपहर हुए दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे क्षेत्र को दहला दिया। बस स्टैंड के पास तेज रफ्तार से ओवरटेक कर रही सीमेंट लोडेड ट्रक अचानक एक मोटरसाइकिल को अपनी चपेट में ले लिया, जिसमें मोटरसाइकिल सवार हाटकर्रा निवासी 48 वर्षीय पुनीत देहारी गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा इतना अचानक हुआ कि कुछ समझने का मौका तक नहीं मिला और देखते ही देखते सड़क पर अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के मुताबिक ट्रक क्रमांक सीजी 07 बीएक्स 4227, जिसमें सीमेंट भरी हुई थी, कोरर से धनेलीकन्हार की ओर जा रही थी और टैंकर को ओवरटेक करके निकल रही थी, तभी कांकेर की ओर से आ रही मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 10 बीजे 2955 को अपने चपेट में ले लिया। ट्रक के पहिया पर मोटर सायकल सहित मोटर सायकल का चालक फंस गया था, जिससे ग्रामीणों ने ट्रक के पहिए में फंसे घायल को निकाला। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ट्रक चालक की स्पीड अधिक थी और चालक ट्रक पर नियंत्रण नहीं कर पाया, जिसके चलते हादसा हुआ। घटना के तुरंत बाद आसपास मौजूद लोगों ने ▶▶| शेष पेज 10 पर

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 223. संतराम महिलांग पिता\पति राम दास पता- शारदा विहार म.न.178 नगर पंचायत माना कैम्प, 224. रितिका साहू पिता\पति रामचंद साहू पता - कटोरा तालाब रायपुर, 225. संतोष कुमार सोनी पिता\पति लोचन सोनी पता - मठपारा के पास गभरापारा, 226. भुनेश्वरी वर्मा पिता\पति खोमन लाल वर्मा पता– बिरगांव, 227. दीपक कुमार सेन पिता\पति जंतू राम सेन पता - तेलीबांधा रायपुर, 228. तरुण धनकर पिता\पति भारत धनकर पता - न्यू शांति नगर रामेश्वर मंदिर के पास शंकर नगर, 229. सुनीता निषाद पिता\पति स्व. मुन्ना लाल निषाद पता- सूरज नगर लभांडी, 230. गणेश्वरी पाल पिता\पति रूपराम पाल पता - शीतला चौक मठपारा रायपुर, 231.निखिल पाल पिता\पति जग्गू राम पाल पता - कृष्णा नगर रायपुर, 232. घनश्याम साहू पिता\पति श्री हरिहर प्रसाद साहू पता - डोमा सेजबहार रायपुर, 233. भोजेंद्र देवांगन पिता\पति राजेश कुमार देवांगन पता- तर्रा सुरसाबाँधा, 234. अपर्णा साहू पिता\पति भारत साहू पता- लाल बगीचा धमतरी, 235. महेंद्र कुमार पिता\पति गुहलेद राम पता- भोथली, 236. नेहा पिता\पति जय प्रकाश पता- संजय नगर शिक्षक कोलोनी कुरूद, 237. शिवभोला वैष्णव पिता\पति स्व.प्रेम दस वैष्णव पता- अर्जुनी डोंगरगांव, 238. लक्की पिता\पति थानेश्वर पता- भटगांव धमतरी, 239. शेषनारायण दास वैष्णव पिता\पति गोबिन्द दास वैष्णव पता- मुचेदंड खुर्सीटिकल राजनादगांव, 240. सैय्यद मोहम्मद अलीम पिता\पति सैय्यद मोहम्मद अली पता- बेमेतरा, 241. काविश पाण्डेय पिता\पति अभिषेक पाण्डेय पता- भानुप्रतापपुर, 242. मयंक कुमार पिता\पति दीपक कुमार सेन पता- नवागांव, 243 अर्नव वाकचौरे पिता\पति राजेश वाकचौरे पता- गुप्ता भवन, शांति नगर जगदलपुर, 244. चांदनी तांडी पिता\पति गजेन्द्र तांडी पता- कोमाखान महासमुंद, 245. तोरणराम नेताम पिता\पति स्व. निमेंश नेताम पता-कोर्ट कॉलोनी कवर्धा, 246. भावना साहू पिता\पति गोपीचंद साहू पता- लवन, 247. योगांत यादव पिता\पति राजेंद्र यादव पता- डी. एन. के. कोंडागांव, 248. गीता देवांगन पिता\पति द्वारिका प्रसाद देवांगन पता-भिलाई -3 रेलवे कॉलोनी -7, 249. पूर्णिमा बेहेरा पिता\पति राजेंद्र बेहेरा पता-भिलाई, 250. कल्याणी साहु पिता\पति स्व. हीरा राम साहु पता-पदुम नगर भिलाई -05, 251. भारती राव पिता\पति रमेश राव पता-खुर्शिपार भिलाई, 252. गुरमीत कौर भाटिया पिता\पति उजागर सिंह भाटिया पता-गुरुद्वारा रोड संतरा बाड़ी दुर्ग, 253. आर्या देशमुख पिता\पति संजय देशमुख पता- देशमुख बाड़ा स्टेशन रोड, 254. डाली देवांगन पिता\पति बालमुकुन्द देवांगन पता- शंकर नगर दुर्ग, 255. लक्ष्मी देशलहरे पिता\पति बी.डी. देशलहरे पता-प्लाट -33 भिलाई राधिका नगर, 256. हेमा श्रीवास पिता\पति सुनील कुमार श्रीवास पता- वार्ड न. -12 जवाहर नगर भिलाई 24/29, 257. बीना पिता\पति युगल किशोर पता- अंडा, **बिलासपुर संस्करण-** 258. माया त्रिपाठी, पिता/पति- राजेन्द्र कुमार त्रिपाठी पता- सागर होम्स फेस 1, बिलासपुर 259. उमा शर्मा पिता/पति इंद्रधवन तिवारी, पता- बिलासपुर 260. संगीता शर्मा, पिता/पति- रामशरण दुबे पता- कुदुदंड बिलासपुर, 261. सुशील कुमार शर्मा, पिता/पति- बहोरिक लाल शर्मा, पता- बिलासपुर 262. शांभवी दुबे पिता/ पति- मधुरंजन दुबे पता- मोपका बिलासपुर 263. ओंकार सिंह चंद्रा पिता/पति एस.एल.चंद्रा पता- बिलासपुर 264. श्रेयांश सूर्यवंशी पिता/पति- अशोक सूर्यवंशी पता- जरहाभाठा, राजींव गांधी चौक, बिलासपुर 265.बसंत बघेल पिता/पति- स्व.कपूर दास बघेल पता- कानन पेण्डारी, बिलासपुर 266. रानी अग्रवाल पिता/पति- संतोष कुमार अग्रवाल पता- तेलीपारा बिलासपुर 267. ममता सिंह राजपूत पिता/पति- विनोद राजपूत पता- मंगला बिलासपुर 268. अनंत कुमार पांडेय, पिता/पति- स्व. भास्कर पांडे, पता- एलआईजी 227, देवरीखुर्द, बिलासपुर 269.धनीलाल साकत पिता/पति- स्व. रामलाल साकत, पता- इंद्रा कॉलोनी, तारबाहर, बिलासपुर 270.रूचि यादव पिता/पति- कार्तिक राम यादव पता- बी.आर.यादव नगर, बहतराई, बिलासपुर 271.हरमीत कौर छाबड़ा पिता/पति-प्रीतम सिंह होरा पता-शिवाजी मार्ग, टिकरापारा बिलासपुर 272.सारंग पांडेय पिता/पति- संतोष पांडेय, पता- बिलासपुर,273. नारायणी साहू पिता/पति- रामकुमार साहू, पता- देवरीखुर्द बिलासपुर 274. कोमल वर्मा पिता/पति- धर्मेन्द्र कुमार वर्मा पता- कालिका नगर तिफरा, बिलासपुर 275. खिलेश साहू पिता/पति- रामनारायण, पता- श्याम नगर लिंगियाडीह बिलासपुर 276. प्रज्ञा यादव पिता/पति- ऋषिकांत यादव, पता- हांफा जिला बिलासपुर 277. ज्योति गुप्ता पिता/पति- आनंद कुमार गुप्ता, पता- दयालबंद बिलासपुर 278. दीपक जायसवाल पिता/पति- रामकृष्ण जायसवाल, पता- देव नगर कोनी, जिला बिलासपुर 279. गंगा शुक्ला पिता/पति- दिनेश शुक्ला पता- करबला रोड बिलासपुर 280. केदारनाथ शुक्ला पिता/पति- सचेतराम गुप्ता पता- लखराम, जिला बिलासपुर, **भोपाल संस्करण-** 281. छोटी बाई बंजारा पिता\पति - रामचरण बंजारा पता- सुंदरपुरा पोस्ट उकावद तहसील मकसूदनगढ़ गुना, 282. लाली गौर पिता\पति - नीलेश गौर रहटगांव, 283. ममता राजपूत पिता\पति - कैलाश सिंह पता- राजपूत रायसेन, 284. उपेन्द्र सिंह राठौर पिता\पति -बिसोनिया पता- राजगढ़, 285. लक्ष्मीनारायण साहु पिता\पति- रमेश कुमार साहु 199 शंकर नगर पलासी करोद, 286. प्रियंका पाण्डेय पिता\पति - राजकुमार पाण्डेय 608 मुरली नगर, 287. स्वीटी यादव पिता \पति - राधेश्याम यादव पीपल चौराहा करोद, 288. मेघा मालवीय पिता\पति –धनी राम राहुल नगर हर्षवर्धन नगर, **जबलपुर संस्करण-** 289. राजेश कुमार जैन पिता\पति - रमेश चंद्र जैन कोतमा अनूपपुर, 290. महेश कुमार श्रीवास्तव पिता\पति- कंचन सिंह श्रीवास्तव छपारा जिला सिवनी, 291. आदिल खान पिता\पति - सुमिर मोहम्मद छपारा सिवनी, 292. राजेश कुमार जैन पिता\पति - रमेश चंद्र जैन कोतमा अनूपपुर, 293. हंर्षराज जैन पिता\पति - रजनीश कुमार जैन कोतमा अनूपपुर, 294. काजल यादव पिता\पति - दुर्गा प्रसाद यादव गोविंद गोविंद गांव वार्ड नंबर 11 कोतमा अनूपपुर, 295. पूर्णिमा सोनी पिता\पति- कैलाश प्रसाद सोनी बिजली अनूपपुर, 296. तनिष्का चतुर्वेदी पिता\पति- H.K चतुर्वेदी अनूपपुर।

नियम एवं शर्ते लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

### जिले में बड़ी संख्या में किसानों का पंजीयन नहीं हुआ

# एग्री-स्टैक पंजीयन का आज अंतिम दिन 16308 पंजीकृत पर यूएफआर है लंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले में एग्री-स्टैक पोर्टल पर किसानों के पंजीयन की प्रक्रिया अपने अंतिम चरण में पहुंच गई है। पंजीयन की आज 30 नवंबर को अंतिम तिथि होने के कारण कृषि विभाग से लेकर पंचायत स्तर तक हलचल तेज हो गई है। विभागीय आंकड़ों के अनुसार इस वर्ष करीब 3 हजार किसान अब भी पंजीयन नहीं करा पाए हैं, वहीं 16308 किसान का पंजीयन हो चुका है, परंतु यूएफआर के लिए आवेदन लंबित है। गौरतलब है कि पिछले वर्ष कांकेर जिले में कुल 94,734 किसानों ने धान का विक्रय किया




था। इस बार एग्री-स्टैक पोर्टल पर पंजीयन के लिए सरकार ने पोर्टल व एप जारी किया गया, लेकिन अभी तक बड़ी संख्या में किसान किसी न किसी कारणवश पंजीकरण प्रक्रिया से वंचित हैं। विभागीय अधिकारियों के अनुसार गांवों में चल रहे विशेष शिविरों में रोजाना भीड़ बढ़ रही है, क्योंकि अंतिम तिथि नजदीक आते ही किसान अब तेजी से दस्तावेज लेकर पहुंच रहे हैं। एग्री-स्टैक में पंजीकरण किसानों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। विभाग का कहना है कि यह डिजिटल प्लेटफॉर्म किसान की भूमि ▶▶| शेष पेज 10 पर

#### गांव-गांव में शिविर, फिर भी हजारों किसान लंबित

कांकेर जिले के विभिन्न विकासखंडों में पंचायत सचिव, पटवारी और कृषि विभाग के कर्मचारियों द्वारा शिविर लगाए गए हैं। कई स्थानों पर बिजली या नेटवर्क की समस्या के कारण पंजीयन धीमी गति से हो पाया, जिससे बड़ी संख्या में किसान अंतिम तिथि से ठीक पहले पंजीयन केन्द्रों पर पहुंच रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि आज शाम तक पंजीयन पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। यदि भीड़ अत्यधिक हुई तो केंद्रों की संख्या बढ़ाने और स्टाफ बढ़ाकर प्रक्रिया को तेजी देने पर भी विचार किया जा रहा है।

#### किसानों से की अपील

जिला प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि वे निर्धारित दस्तावेज आधार कार्ड, बैंक पासबुक, खसरा–नक्शा आदि साथ लेकर नजदीकी पंजीयन केंद्र पहुंचें और समय रहते प्रक्रिया पूरी करें। आज की अंतिम तिथि को देखते हुए यह कांकेर जिले के किसानों के लिए निर्णायक दिन साबित होगा।

## खबर संक्षेप

### बसंत को अध्यक्ष बनाने पर कांग्रेस ने की आतिशबाजी



**चारामा।** जिला कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष बनाए जाने पर बसंत यादव का युवा कांग्रेस के द्वारा चारामा के कोरर चौक के पास जोरदार आतिशबाजी और पटाखे फोड़कर अपनी खुशी जाहिर किया। पूरा चौक उत्साह और उमंग से भर गया। नवनियुक्त अध्यक्ष को नई जिम्मेदारी मिलने पर उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में जिला कांग्रेस और अधिक मजबूत व सक्रिय बनेगा। इस मौके पर मुख्य रूप से शुभाष सुनकर, बूथ अध्यक्ष राजेंद्र ठाकुर, विधानसभा महासचिव युवा कांग्रेस अर्जुन देवांगन, युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सह संयोजक देव तिवारी, अविनाश देवांगन, दीपक डोंगरे, चंदन रजक, मनीष सोनकर, पपई विश्वास, मोहम्मद अमिद खान, घनश्याम सोनी, पिंटू राव, सतीश यादव, सूरज यादव, करण यादव, तरुण देवांगन, उमेश यादव, सतीश हिरावर, छोटू साहू, सूरज बांसोड़, ओमकार नेताम, दीपक मानिकपुरी, क्लेश साहू एवं अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

### 04 दिसम्बर तक गणना पत्रक प्राप्त किए जाएंगे

**कांकेर।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार जिले में निर्वाचक नामावली का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के संदर्भ में संपादित कराया जा रहा है। आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम अनुसार बूथ लेवल अधिकारी द्वारा 04 दिसम्बर तक घर-घर जाकर मतदाताओं से विधिवत भरा हुआ गणना पत्रक प्राप्त किया जाएगा। गणना पत्रक में यदि मतदाता अपने फोटो से संतुष्ट नहीं है या फोटो अस्पष्ट है, ऐसी स्थिति में मतदाता चाहे तो अपना नवीन फोटो बूथ लेवल अधिकारी को उपलब्ध करा सकते हैं।

# बस्तर कोकिला शिप्रा को मिला 'वीरांगना दुर्गावती स्त्री शक्ति अवार्ड-2025

## महिला और बाल कल्याण में विशिष्ट योगदान के लिए राज्य स्तरीय सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

संविधान दिवस पर राजधानी में आयोजित राज्य स्तरीय अलंकरण समारोह में बस्तर की प्रतिष्ठित समाजसेवी, वरिष्ठ प्रशासिका और विख्यात संगीतकार श्रीमती शिप्रा त्रिपाठी को 'वीरांगना दुर्गावती स्त्री शक्ति अवार्ड–2025 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान समता साहित्य अकादमी, छत्तीसगढ़ द्वारा राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित विशेष समारोह में प्रदान किया गया।

छत्तीसगढ़ स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित राज्य स्तरीय अलंकरण समारोह में सम्मानित आदिवासी महिलाओं व बच्चों के पोषण, शिक्षा और कल्याण के लिए दीर्घकालीन कार्य महिला एवं बाल विकास विभाग में परियोजना अधिकारी सेनि के रूप में उत्कृष्ट सेवा संपदा समाजसेवी संस्थान 2002 से पंजीकृत की महासचिव संगीत के क्षेत्र में दूरदर्शन की मान्यता प्राप्त कलाकार, जिन्हें लोग प्यार से क बस्तर कोकिला कहा जाता है। श्रीमती शिप्रा त्रिपाठी ने अपने पूरे सेवाकाल के साथ ही सेवा–मुक्ति के बाद भी बस्तर की आदिवासी महिलाओं और बच्चों के लिए शिक्षा, पोषण व स्वास्थ्य सुधार के लिए लगातार कार्य किया। विशेषकर कुपोषण दूर करने, महिलाओं को सक्षम बनाने और ग्रामीण समुदायों में सामाजिक जागरूकता बढ़ाने में उनका योगदान अत्यंत प्रशंसनीय रहा है।



### भव्य समारोह में किया गया अलंकरण

*राजधानी में आयोजित कार्यक्रम में समता साहित्य अकादमी के प्रांताध्यक्ष जी. आर. बंजारे 'ज्वाला' एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा उन्हें यह राज्य स्तरीय अलंकरण प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान उनके उज्ज्वल भविष्य और सतत सामाजिक योगदान के लिए शुभकामनाएं भी दी गईं। शिप्रा त्रिपाठी न केवल समाजसेवा में अग्रणी हैं, बल्कि संगीत जगत में भी उनकी एक अलग पहचान है। गजल, भजन, सुगम संगीत एवं लोकगीत शैली में निपुण, दूरदर्शन से मान्यता प्राप्त कलाकार होने के कारण उन्हें जनता स्नेहपूर्वक 'बस्तर कोकिला' कहकर पुकारती हैं।*

## मुख्य कार्यपालन अधिकारी की अध्यक्षता में समन्वय आधारित बैठक

# प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की प्रगति की समीक्षा, निर्माण कार्यों में तेजी के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



जिला पंचायत कोंडागांव के सभा कक्ष में मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत विशेष परियोजना अंतर्गत स्वीकृत आवासों की प्रगति को लेकर महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आवासों को निर्धारित लक्ष्य और समयसीमा के भीतर पूर्ण करने के लिए विस्तृत रणनीति पर चर्चा की गई। अधिकारियों को अप्रारंभ आवासों को शीघ्र प्रारंभ कराने और लंबित आवासों में निर्माण गति बढ़ाने के स्पष्ट निर्देश दिए गए।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने सभी तकनीकी सहायकों से कहा कि वे अपने आवंटित ग्राम पंचायतों में नियमित भ्रमण सुनिश्चित करें, हितग्राहियों से सीधा संपर्क बनाए रखें तथा निर्माण कार्यों में आ रही बाधाओं का मैदानी स्तर पर तत्काल समाधान करें। साथ ही, हितग्राहियों को निर्माण सामग्री समय पर उपलब्ध कराने, और कार्य में तेजी लाने के लिए लगातार प्रेरित करने पर जोर दिया गया।

### आत्मसमर्पित व नक्सल पीड़ित परिवारों के आवासों को मिलेगी विशेष प्राथमिकता

अविनाश भोई ने बताया कि विशेष परियोजना मद से आत्मसमर्पित एवं नक्सल पीड़ित परिवारों हेतु स्वीकृत निर्माणाधीन आवासों को सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण किया जाएगा। यह पहल न केवल परिवारों को सुरक्षित आशियाना उपलब्ध कराएगी, बल्कि क्षेत्र में स्थायी विकास और विश्वास निर्माण को भी सुदृढ़ करेगी।

### ये रहे उपस्थित

समीक्षा बैठक में जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, विकासखंड समन्वयक, आवास एवं मनरेगा तकनीकी सहायक, अनुविभागीय अधिकारी, आरईएस विभाग से जुड़े अधिकारी–कर्मचारी तथा आवास निर्माण से जुड़ी पूरी मैदानी टीम मौजूद रही।

### कम प्रगति वाले पंचायतों का संयुक्त निरीक्षण होगा अनिवार्य

जिन ग्राम पंचायतों में आवास पूर्णता की प्रगति कम है, वहां सीईओ जनपद पंचायत, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के उप अभियंता, एसडीओ तथा विकासखंड समन्वयकों द्वारा प्राथमिकता से स्थल निरीक्षण किए जाने के निर्देश प्रदान किए गए हैं।

### मनरेगा अभिसरण से 90 मानव दिवस जारी कर कार्यों में तेजी

बैठक में राष्ट्रीय महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के अभिसरण मद से 90 मानव दिवस का मस्टर रोल जारी कर निर्माण कार्यों में गति बढ़ाने का निर्णय भी लिया गया है। इससे श्रमिक उपलब्धता सुगम होगी और आवास निर्माण समयबद्धता के साथ पूर्ण किए जा सकेंगे।

# पीएससी में चयनित दुर्योधन का पॉवर क्रिकेट क्लब लोहत्तर ने किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा परीक्षा 2024 के परिणामों ने इस वर्ष सिलपट गाँव को गर्व का बड़ा अवसर दिया है। गाँव के प्रतिभावान युवा दुर्योधन तारम का चयन सहकारी निरीक्षक सहकारिता विस्तार अधिकारी पद के लिए हुआ है। उनके चयन से न केवल उनके परिवार में हर्ष का वातावरण बना हुआ है, बल्कि संपूर्ण क्षेत्र में उत्साह और गर्व की लहर दौड़ गई है।

दुर्योधन तारम की इस असाधारण उपलब्धि का जश्न मनाने के लिए पॉवर क्रिकेट क्लब लोहत्तर द्वारा एक भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर क्लब के सदस्यों ने दुर्योधन को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके पालक धनाराम तारम को शॉल ओढ़ाकर गौरवान्वित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, शिक्षक, छात्र तथा गणमान्य नागरिक शामिल हुए और दुर्योधन की मेहनत, लगन और संघर्ष की सराहना की। सम्मान ग्रहण करते हुए दुर्योधन ने कहा कि उनकी सफलता में उनके परिवार, शिक्षकों एवं मार्गदर्शकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने बताया कि कठिन परिस्थितियों में भी परिवार ने हमेशा उनका हौसला बढ़ाया और सही दिशा दिखाई। उन्होंने क्षेत्र के युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि निरंतर परिश्रम, अनुशासन और सकारात्मक सोच ही सफलता का मूल मंत्र है। दुर्योधन ने युवाओं को लक्ष्य निर्धारित कर दृढ़ निश्चय के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। सिलपट और आसपास के गाँवों में दुर्योधन की सफलता की चर्चा जोरों पर है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि उनका यह चयन गाँव के सभी युवाओं के लिए प्रेरणा बनेगा। पॉवर क्रिकेट क्लब लोहत्तर ने भी भविष्य में ऐसे मेधावी और संकल्पित युवाओं को निरंतर प्रोत्साहित करने का संकल्प लिया है, जिससे क्षेत्र में शिक्षा और खेल दोनों ही क्षेत्रों में उन्नति हो सके।

# शिक्षा समिति की बैठक में विद्यालयों की गुणवत्ता सुधार पर की गई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



खंड शिक्षा कार्यालय दुर्गुकोंदल में शिक्षा समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक 28 नवंबर शुक्रवार को आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के विद्यालयों की शैक्षिक गुणवत्ता, छात्रों की प्रगति एवं शिक्षक-उपस्थिति पर ठोस समीक्षा की गई। समिति ने विद्यालयों में विद्यार्थी एवं शिक्षक उपस्थिति को नियमित एवं संतोषजनक बनाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए और साथ ही कक्षा 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा के विद्यार्थियों की तैयारी स्तर पर भी विस्तृत चर्चा की गई तथा बेहतर परिणाम सुनिश्चित करने के लिए विशेष मार्गदर्शन कार्यक्रम चलाने पर जोर दिया गया।

बैठक में विद्यालयों की आधारभूत संरचना, मरम्मत कार्य और अपूर्ण कार्यों की स्थिति रिपोर्ट भी प्रस्तुत की गई। समिति ने यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि आवश्यक मरम्मत जल्द से जल्द पूर्ण कर विद्यार्थियों को सुरक्षित एवं उपयुक्त वातावरण उपलब्ध कराया जाए। इसके अतिरिक्त शिक्षकों की समस्याएँ, रिक्त पद, तथा उनकी त्वरित पूर्ति के मुद्दे भी एजेंडे में प्रमुख रहे। निरीक्षण रिपोर्ट की समीक्षा करते हुए आगामी निरीक्षण कार्यक्रमों को और अधिक प्रभावी बनाने की योजना बनाई गई। शिक्षा समिति ने प्रत्येक शाला के लिए विशिष्ट लक्ष्य निर्धारित करने का निर्णय लिया, जिससे विद्यार्थियों की शैक्षिक प्रतिभा को बढ़ावा दिया जा सके। इसी क्रम में छात्रवृत्ति प्राप्त एवं अप्राप्त विद्यार्थियों का अद्यतन विवरण एकत्रित करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में एकल शिक्षकीय विद्यालयों की स्थिति पर विशेष ध्यान देते हुए उनकी शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने पर रणनीति तैयार की गई और साथ ही मरम्मत कार्य से प्राप्त कंटिजेंसी राशि के उपयोग की पारदर्शिता एवं निगरानी पर चर्चा की गई। जनपद के उपाध्यक्ष एवं शिक्षा समिति अध्यक्ष आनंद तेता ने कहा कि शिक्षा विभाग का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के प्रत्येक बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुँचाना है। उन्होंने सभी शिक्षकों और अधिकारियों से समर्पण एवं सकारात्मक प्रयास की अपील की।

# छह दिनी अंडर 22 ग्रामीण टेनिस बाल क्रिकेट स्पर्धा हुई आयोजित

**दुर्गुकोंदल।** ग्राम पंचायत कलंगपुरी के पुजारी पारा में न्यू गोल्डन क्रिकेट क्लब पुजारी पारा के तत्वाधान में छह दिवसीय अंडर 22 ग्रामीण स्तरीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ 28 नवंबर शुक्रवार से आयोजित किया गया।

यह प्रतियोगिता 03 दिसंबर तक आयोजित की जाएगी, जिसमें क्षेत्र की विभिन्न ग्राम स्तरीय टीमें उत्साहपूर्वक भाग लेंगी। आयोजकों ने क्रिकेट प्रेमियों एवं ग्रामीण दर्शकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 10 हजार रुपए एवं द्वितीय पुरस्कार 5 हजार रुपए निर्धारित किए गए हैं।

समिति ने नियम व शर्तों की घोषणा करते हुए बताया कि अंपायर एवं समिति का निर्णय सर्वमान्य होगा। यह प्रतियोगिता पूर्णतः ग्रामीण स्तरीय होगी तथा खिलाड़ियों को प्रूफ के लिए अद्यतन आधार कार्ड एवं अंकसूची लाना अनिवार्य है। समिति ने स्पष्ट किया है कि खेल के दौरान किसी प्रकार की चोट लगने पर खिलाड़ी स्वयं जिम्मेदार होंगे। यदि किसी टीम में फर्जी खिलाड़ी पाया जाता है तो उसे प्रतियोगिता से तुरंत बाहर कर दिया जाएगा।

ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के लिए इस आयोजन की सराहना हर तरफ हो रही है। खेल भावना और मनोरंजन का यह शानदार संगम पुजारी पारा में एक उत्सव का माहौल बनाए हुए है।

# धान कटाई अंतिम चरण में, खेतों में पारंपरिक बढ़ोना प्रथा की धूम



**दुर्गुकोंदल।** खरीफ सीजन की धान फसल अब अंतिम चरण में पहुँच चुकी है। क्षेत्र में दीपावली पर्व के बीतते ही किसानों ने तेजी से युद्धस्तर पर धान कटाई का कार्य आरंभ कर दिया था। हार्वेस्टर मशीनों के साथ-साथ मज़दूरों की सहायता से खेतों में लगातार कटाई का कार्य जारी रहा। छत्तीसगढ़ की प्राचीन कृषि संस्कृति बढ़ोना की परंपरा भी पूरे उत्साह के साथ निभाई जा रही है। यहाँ की मान्यता के अनुसार अंतिम दिनों में परिवारजन अपनी बेटी और बहनों को धान के रूप में दान करते हैं। इस परंपरा को प्रेम, सम्मान और अपनत्व का प्रतीक माना जाता है। बढ़ोना न केवल पारिवारिक संबंधों को मजबूत करता है, बल्कि कृषि आधारित लोकजीवन की खुशहाली और समृद्धि को भी दर्शाता है। ग्रामीण अंचलों में यह परंपरा उत्सव जैसा माहौल बनाती है। धान कटाई के साथ खेतों में मेहनत और मुस्कान दोनों दिखाई देती है। किसानों का मानना है कि बढ़ोना से घर-परिवार में सुख-समृद्धि आती है और आने वाले वर्ष की खेती भी शुभ होती है। ग्रामीण क्षेत्र में इस पारंपरिक संस्कृति के चलते धान कटाई का अंतिम चरण हर्ष और उल्लास से भरा हुआ नजर आ रहा है।

# साधुमिचगांव में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित, ग्रामीण हुए लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



जन-स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए मिवान स्टील्स लिमिटेड द्वारा ग्राम पंचायत साधुमिचगांव में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह शिविर सुबह 9 से शाम 4 बजे तक ग्राम पंचायत भवन में संचालित रहा, जिसमें आसपास के कई गांवों के ग्रामीण बड़ी संख्या में पहुंचे। शिविर में कंपनी के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील कुमार शर्मा एवं उनकी अनुभवी चिकित्सा टीम ने ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस दौरान रक्तचाप, शुगर, हीमोग्लोबिन, आँखों एवं सामान्य शारीरिक जांच के साथ विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं से संबंधित परामर्श दिया गया। परीक्षण उपरांत आवश्यकतानुसार लोगों को निःशुल्क दवाइयाँ भी उपलब्ध कराई गईं। स्वास्थ्य शिविर का लाभ साधुमिचगांव, पुडोमिचगांव, गरदा, गोपालटोला, भुस्की एवं हलमालेण्डी के ग्रामीणों ने उठाया। ग्रामीणों ने प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे शिविरों से उन्हें स्वास्थ्य सेवाएँ नजदीक में ही प्राप्त हो पाती हैं, जिससे समय और धन दोनों की बचत होती है। कंपनी प्रतिनिधियों ने बताया कि मिवान स्टील्स लिमिटेड समय-समय पर स्वास्थ्य, शिक्षा एवं जनकल्याण के कार्य करती रहती है। उनका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुलभ बनाना है ताकि लोग समय रहते अपनी बीमारियों का उपचार कर सकें। सरपंच मुकेश गावड़े ने शिविर स्थल की तैयारी एवं ग्रामीणों की उपस्थित सुनिश्चित कराने में सक्रिय योगदान दिया। वहीं मावली माता मजदूर समिति के उपाध्यक्ष राजेश पुडो द्वारा भी शिविर के समन्वय में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मिवान स्टील्स लिमिटेड से सुभाष सिंह, रामनंदन सिंह, संदीप कुमार यादव एवं शुभांगी शर्मा उपस्थित रहे। सभी ने ग्रामीणों का स्वागत करते हुए कंपनी की सामाजिक उत्तरदायित्व गतिविधियों के बारे में जानकारी दी।

## पेज 9 के शेष

### किसानों ने उमरादाह...

सकें। किसानों ने यह भी कहा कि भारी नुकसान के कारण उनकी फसलों की लागत तक पूरी नहीं हो सकी, जिससे अगली खेती की तैयारी पर भी संकट गहरा गया है। इसके साथ ही अमोड़ा में निर्माणाधीन जिला सहकारी बैंक की धीमी गति से हो रही प्रगति पर भी गहरी नाराजगी जताई गई। किसानों का कहना था कि बैंक के निर्माण में हो रही देरी के कारण ऋण सुविधा, वित्तीय लेन-देन और कृषि से जुड़ी कई महत्वपूर्ण प्रक्रियाएँ प्रभावित हो रही हैं। बैठक में मांग उठाई गई कि जिला सहकारी बैंक का निर्माण अतिशीघ्र पूरा कर संचालन में लाया जाए, ताकि क्षेत्र के किसानों को समय पर आर्थिक सहायता मिल सके। क्षेत्र में सड़कों की बदहाली भी किसानों की प्रमुख समस्या बनी हुई है। नरहरपुर-जुनवानी सड़क चौड़ीकरण कार्य लंबे समय से अधूरा पड़ा है, जिसके कारण किसानों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बैठक में किसानों ने चेतावनी दी कि यदि 15 दिनों के भीतर सड़क कार्य प्रारंभ नहीं किया गया, तो वे चक्का जाम करने को मजबूर हो जाएंगे।

### कांग्रेस ने बसंत...

आभार व्यक्त किया है। कई स्थानीय नेताओं ने कहा कि यादव के नेतृत्व में जिले में पार्टी की स्थिति और मजबूत होगी और आगामी चुनावों में इसका सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेगा। नए जिलाध्यक्ष की नई भूमिका को लेकर पूरे जिले में राजनीतिक चर्चा तेज हो गई है और यह देखना दिलचस्प होगा कि वे संगठन को किस दिशा में आगे बढ़ाते हैं।

### तारसगांव में सोलर...

का स्टार्टर और 3 हजार रुपए मूल्य का केबल वायर उपलब्ध कराया गया था। तीनों मिलाकर कुल 95 हजार रुपए का उपकरण चोरों द्वारा पार कर दिया गया। इसी तरह तारसगांव निवासी 45 वर्षीय रूपधर शोरी पिता मानसिंग शोरी के खेत से चोरों ने 53 हजार का सोलर पंप, 18 हजार का स्टार्टर और 3 हजार रुपए का केबल वायर चोरी कर लिया, जिसकी कुल कीमत 74 हजार रुपए होती है। तीसरी घटना 70 वर्षीय रोहिदासीन बाई निषाद, पति बुधराम निषाद के खेत में हुई, जहां से 64 हजार का सोलर पंप, 28 हजार का स्टार्टर और 3 हजार रुपए मूल्य का केबल वायर, कुल 95 हजार रुपए का सामान उड़ा लिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि लगातार हो रही ऐसी घटनाएं किसानों को आर्थिक नुकसान पहुंचाने के साथ ही उनकी फसलों को भी जोखिम में डाल रही हैं।

तारसगांव के तीनों किसानों के खेतों से चोरी हुए सोलर पंप और अन्य उपकरणों की कुल कीमत 2 लाख 64 हजार रुपए आंकी गई है। पुलिस ने किसानों की शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 303 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी है। पुलिस अब चोरों की तलाश में जुट गई है।

### अनियंत्रित ट्रक की...

बिना देर किए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धनेलीकन्हार के चिकित्सकों को फोन किया और एबुंलेस मौके पर पहुँचकर घायल को अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों की टीम ने प्राथमिक उपचार किया, परंतु उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए तुरंत कांकेर मेडिकल कॉलेज के जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। डॉक्टरों के अनुसार घायल की स्थिति नाजुक बनी हुई है और आगे का उपचार जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ट्रक चालक घटना के तुरंत बाद वाहन वहीं छोड़कर फरार हो गया। पुलिस को सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची और जाँच में पाया कि ट्रक का चालक ट्रक को छोड़कर भा गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर भारी वाहनों की तेज रफ्तार और ओवरटेक की प्रवृत्ति के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं, ऐसे में प्रशासन को सख्ती बरतने की आवश्यकता है। इस दर्दनाक हादसे ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा और भारी वाहनों की लापरवाही को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। फिलहाल घायल पुनीत देहारी के स्वास्थ्य को लेकर परिजन और ग्रामीण चिंतित हैं और पुलिस से जल्द कार्रवाई की उम्मीद कर रहे हैं।

पुलिस ने बताया कि हमारी टीम ट्रक चालक की तलाश में जुटे हैं और आसपास के लोगों से पूछताछ भी की जा रही है। फिलहाल इस मामले में किसी भी पक्ष की ओर से आधिकारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। पुलिस का कहना है कि जैसे ही शिकायत प्राप्त होगी, आरोपी चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### एग्री-स्टैक पंजीयन...

, उत्पादन, फसलों एवं सरकारी योजनाओं से संबंधित समस्त जानकारी को एकीकृत करता है। भविष्य में मिलने वाली कई योजनाओं, अनुदानों और तकनीकी सुविधाओं का लाभ इसी पंजीयन के आधार पर दिया जाएगा। इसके चलते कृषि विभाग लगातार किसानों को जागरूक कर रहा है कि वे अंतिम समय का इंतजार न करें।

## विधायक नीलकंठ टेकाम हुए शामिल, खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह

# फूपगांव में हुई जोन स्तरीय बाल क्रीड़ा स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव



ब्लाक के ग्राम फूपगांव में आयोजित तीन दिवसीय जोन स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन शनिवार को बड़े धूमधाम से हुआ। इस प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम शामिल हुए। इस तीन दिवसीय जोन स्तरीय बालक्रीड़ा प्रतियोगिता में 5 ग्राम पंचायत फूपगांव, शंकरपूर, आलोर, झाटीबन और भंडारवंडी के अंतर्गत आने वाले कुल 28 प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलो के बच्चों ने भाग लिया. इस खेल प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलो के सेंकड़ों विद्यार्थियों ने कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, सहित कई खेलों का आयोजन किया गया। इस खेल प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलो के सेंकड़ों विद्यार्थियों ने कबड्डी, खो-खो, दौड़, वॉलीबॉल, ऊँची कुद, लम्बी कुद, रिले रेस, आलू दौड़, गोला फेंक, रंगोली, चित्र कला, प्रश्न मंच सहित कई खेलों का आयोजन किया गया. साथ ही साँस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

**ये रहे उपस्थितः** समापन समारोह के दौरान भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य प्रवीर बदेशा, भाजपा मण्डल अध्यक्ष धनराज पांडे, महामंत्री प्रवीण राव, जोगेश्वर हिडको, योगेश पांडे, कामेश्वर साहू, फूपगांव सरपंच शंकर मंण्डावी, शंकरपूर सरपंच श्रीबती मरकाम, आलोर सरपंच राधिका कोर्राम, झाटीबन सरपंच सोमारी कोर्राम और भंडारवंडी सरपंच लेखराज नेताम सहित बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे और ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### खेल प्रतियोगिता जीवन का हिस्सा



विधायक नीलकंठ टेकाम ने जोन स्तरीय खेल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल जीवन का हिस्सा है और सभी को अपने पसंद के खेलों में जरूर भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि हार जीत के लिए नहीं, बल्कि अनुभव के लिए खेलों में प्रतिभागी बने। विधायक ने आगे कहा कि खेल से न केवल शारीरिक विकास होता है, बल्कि मानसिक और सामाजिक विकास भी होता है। उन्होंने खिलाड़ियों को अपने खेल में मेहनत करने और अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। विधायक ने कहा कि खेल में हार जीत तो लगी रहती है, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण यह है कि हम खेल को खेल की भावना से खेलें और अपने अनुभव से सीखें। उन्होंने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

खबर संक्षेप

## छात्रों ने उत्साहपूर्वक निभाई पंचायत की जिम्मेदारियां



**गीदम।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय गीदम में मॉडल यूथ ग्राम सभा का आयोजन उत्साहपूर्ण माहौल में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि नोडल प्राचार्य कुलदीप सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन कर की गई। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक–शिक्षिकाएं, छात्र–छात्राएं तथा पंचायत रोल निभाने वाले प्रतिभागी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं, ग्रामीण प्रशासन तथा पंचायत व्यवस्था की वास्तविक कार्यप्रणाली से परिचित कराना था। ग्राम सभा की कार्यवाही का संचालन संयोजक शिक्षक महेश और अब्दुस्समद के निर्देशन में छात्रों ने स्वयं किया। कार्यक्रम में छात्र सरपंच, वार्ड सदस्य, सचिव तथा अन्य पंचायत प्रतिनिधियों की भूमिकाओं में नजर आए और उन्होंने अपनी जिम्मेदारियों को गंभीरता से निभाया। ग्राम सभा में शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता,पेंशन शिविर, पेयजल, पर्यावरण संरक्षण, रोजगार, सामाजिक न्याय तथा सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर छात्रों ने चर्चा की।

## पोर्टल पर पंजीयन की समय-सीमा बढ़ी

**जगदलपुर।** राज्य शासन द्वारा प्रदेश के डूबान क्षेत्र सहित वन पट्टाधारी और शेष कृषकों के लिए एकीकृत किसान पोर्टल पर पंजीयन की समय-सीमा में महत्वपूर्ण वृद्धि की है। उक्त पंजीयन 30 नवंबर तक होगी। विभाग द्वारा जारी परिपत्र के अनुसार एकीकृत किसान पोर्टल में कैरी फारवर्ड, डूबान, वन पट्टाधारी कृषकों के पंजीयन की कार्यवाही हेतु अतिरिक्त समय का प्रावधान 30 नवंबर तक समस्त समितियों में समिति लॉगिन पर उपलब्ध करवाने कहा गया है। इससे पहले कृषकों के कैरीफारवर्ड, नवीन पंजीयन तथा पंजीकृत फसल रकबे में संशोधन की कार्यवाही हेतु अतिरिक्त समय का प्रावधान तहसील लॉगिन में 25 नवंबर तक के लिए किया जा रहा था। कलेक्टर हरिस एस ने बताया कि शासन के निर्णयानुसार एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन की समय-सीमा 30 नवंबर तक बढ़ाते हुए किसानों को राहत प्रदान की गई है। इस नवीनतम समय विस्तार से विशेष तौर पर डूबान और वन पट्टाधारी कृषकों को पंजीयन कराने और अपने फसल रकबे में संशोधन करने के लिए आवश्यक समय मिल जाएगा।

# देवा ने मिलेटस फसल बड़ा कोसरा को बनाया लाभदायक खेती

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| दंतेवाड़ा



जिले में पारंपरिक धान उत्पादन के साथ-साथ अब अन्य मिलेट फसलों जैसे रागी, कुल्थी, कोदो, मंडिया, कोसरा में भी वैज्ञानिक और नवाचार आधारित खेती का विस्तार तेजी से हो रहा है। इस क्रम में दुरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े कोसरा की फसल नई तकनीकों के साथ मजबूती से उभरी है और किसानों के लिए लाभकारी विकल्प बन रही है। इस तरह ग्राम पोटाली, पटेलपारा के मेहनती किसान देवा मांडवी जिले की उभरती कृषि क्रांति का प्रेरक चेहरा बनकर सामने आए हैं।

एसएमआई तकनीक को अपनाकर मांडवी ने बड़ा कोसरा की खेती में एक सफल मॉडल प्रस्तुत किया है जो जिलेभर के किसानों के लिए मिसाल है। निर्माण ऑर्गेनाइजेशन दंतेवाड़ा और कृषि विभाग की तकनीकी सहायता ने इस प्रयोग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने 15-21 दिन की नर्सरी, 30-30 सेंटीमीटर की दूरी पर एकल पौध रोपण, नियमित साइकिल वीडिंग तथा जीवामृत एवं हांडी दवा जैसे जैविक उपचारों को अपनाया। वर्तमान में उनके कृषि फार्म में अगस्त को रोपी गई फसल आज प्रति पौधा 30-40 स्वस्थ बालियों के साथ लहलहा रही है। मांडवी को पिछले वर्ष अरकू आंध्र प्रदेश में हुए प्रशिक्षण तथा फसल भ्रमण ने आधुनिक खेती की नई समझ दी जिसे उन्होंने तुरंत खेत में लागू किया। आज उनका खेत मॉडल फार्म के रूप में ग्राम पोटाली की पहचान बन चुका है। इसमें निर्माण संस्था, कृषि विभाग और जिला प्रशासन ने पूरे प्रक्रिया में मार्गदर्शन प्रदान किया।

उन्होंने बताया एसएमआई तकनीक से बड़ा कोसरा की खेती शुरू की और आज इसका बेहतरीन परिणाम हमारे सामने है। निर्माण संस्था, कृषि विभाग और जिला प्रशासन से मिली तकनीकी सहायता ने मुझे नई दिशा दी। मैं चाहता हूँ कि हमारे क्षेत्र के और किसान भी इस विधि को अपनाकर अपनी खेती को मजबूत और लाभदायक बनाएं। जिले के अन्य क्षेत्र जैसे छिंदनार, बुधपदर, पालनार, भटपाल, गुटोली, गुमलनार, बड़े गुडरा, मोखपाल, बड़े तुमनार, छोटे तुमनार, बुरगुम, अचेली, बालूद, गंजेनार, पाहुरनार आदि क्षेत्रों में भी एसएमआई विधि से कोसरा की सफल रोपाई जारी है।

भूमगादी समिति द्वारा किसानों को कोसरा चोप उपलब्ध कराया गया है। निर्माण संस्था के फील्ड ऑफिसर सुरेश कुमार नाग तथा स्थानीय संसाधन व्यक्ति लगातार तकनीकी मार्गदर्शन दे रहे हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में इस फसल का विस्तार और बेहतर उत्पादन संभव हो पा रहा है।

### कटेनार में 298.69 लाख की विकास योजना का भूमिपूजन

# स्टॉप डेम के निर्माण से जल संरक्षण को मिलेगा बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा



दरभा ब्लॉक के ग्राम पंचायत कटेनार में आज क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को समर्पित एक महत्वपूर्ण दिवस रहा, जब कुल 298.69 लाख रुपए की लागत से बनने वाले राजामुंडा स्टॉप डेम सह सोलर पंप निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद महेश कश्यप एवं विधायक विनायक गोयल उपस्थित रहे। दोनों जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से भूमि पूजन कर इस महत्वपूर्ण परियोजना की औपचारिक शुरुआत की।

इस अवसर पर सांसद महेश कश्यप ने कहा कि यह विकास कार्य क्षेत्र की जल समस्याओं को दूर करने तथा कृषि को मजबूत बनाने की दिशा में एक बड़ी पहल है। उन्होंने बताया कि राजामुंडा स्टॉप डेम के निर्माण से न केवल जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि जलस्तर में सुधार होगा, जिससे ग्रामीणों को वर्षभर सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध रहेगा। सोलर पंप के माध्यम से सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा का उपयोग किसानों की लागत कम करेगा और उत्पादन क्षमता बढ़ाएगा।

विधायक विनायक गोयल ने संबोधन में कहा कि राज्य तथा केंद्र सरकार ग्रामीण अंचलों के विकास को लेकर लगातार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि 298.69 लाख रुपए की यह महत्वपूर्ण परियोजना कटेनार ग्राम पंचायत ही नहीं, बल्कि आसपास के कई गांवों के किसानों को भी राहत प्रदान करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि विकास कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा और निर्धारित समय में उच्च मानकों के साथ इसका निर्माण पूरा कराया जाएगा।बस्तर सांसद महेश कश्यप चित्रकोट विधायक विनायक गोयल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष बलदेव मण्डावी, जनपद सदस्य सम्पत्ति महादेव नाग, जनपद अध्यक्ष मानकदेई कश्यप , उपाध्यक्ष हरिप्रसाद कश्यप , मण्डल अध्यक्ष देवीप्रसाद वेंजाम, नारायण सिंह ठाकुर, गांगरा राम नाग , भोला श्रीवास्तव, अनंतराम कश्यप, बाबुल नाग, दुर्जन सिंह कश्यप, धर्मेन्द्र ठाकुर कमलु कवासी, अरूण नेताम नारायण कुरानी, विष्णु प्रताप कश्यप, शन्नु राम पोडियामी, पण्डरू राम मरकाम, जलन ठाकुर, सामदेव नाग, पिलुराम, मासा राम, सुरेश सिंह (मुन्नु) एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न इस कार्यक्रम ने पूरे क्षेत्र में उत्साह का वातावरण उत्पन्न किया।

# विधायक ने किया जनसंवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा



बस्तर विधानसभा क्षेत्र के विधायक लखेश्वर बघेल ने शुक्रवार को प्रवास के दौरान क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों का भ्रमण कर जनसम्पर्क, श्रद्धांजलि और निरीक्षण कार्यक्रमों में शामिल होकर जनता से आत्मीय संवाद स्थापित किया।

विधायक ग्राम पंचायत बालेंगा पहुंचे, जहां वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्त्ता स्व. खलील शेख के निधन की सूचना पर गहरा शोक व्यक्त किया वे उनके गृह ग्राम स्थित निवास पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने दुख की इस घड़ी में परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त किया।

श्रद्धांजलि देते हुए बस्तर विधायक जोबा उसरी कोंडागांव जिला पहुंचे और स्व. लखुराम की दसगात्र कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने दिवंगत के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया तथा परिवारजनों को धैर्य बनाए रखने की बात कही। विधायक ने कहा कि दुःख की इस घड़ी में पूरा बस्तर परिवार आपके साथ है।

### गारेंगा धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण

विधायक बघेल ने बस्तर विधानसभा के ग्राम पंचायत गारेंगा स्थित धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने किसानों से खरीदी व्यवस्थाओं की जानकारी ली और अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों को किसी प्रकार की समस्या न हो तथा सुचारु व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। विधायक ने कहा कि सरकार किसानों को उचित मूल्य और समय पर खरीदी के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए एक उत्कृष्ट रूपरेखा तैयार कर किसानों को लाभान्वित किया जाएगा।

### मरेठा में लक्ष्मी जगार कार्यक्रम में की पूजा-अर्चना

अपने प्रवास के अंत में बघेल ग्राम पंचायत मरेठा पहुंचे, जहां उन्होंने पारंपरिक लक्ष्मी जगार कार्यक्रम में शामिल होकर पूजा-अर्चना की कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि, शांति और उन्नति की कामना की कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों ने विधायक का गर्मजोशी से स्वागत किया और क्षेत्र के विकास कार्यों पर चर्चा की। कार्यक्रम के पश्चात ग्राम के नवयुवकों ने पानी की समस्या को देखते हुए गांव में टेंकर की व्यवस्था हेतु मांग रखी जनसरोकार को सर्वोपरि मानते हुए विधायक ने तुरंत समाधान की घोषणा करते हुए कहा कि 4 तारीख के पहले ही टेंकर उपलब्ध करा दिया जाएगा।

# स्वास्थ्य केंद्र में क्षय रोगियों का सत्यापन पर करें एक्स-रे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर कलेक्टर हरीश एस के निर्देश पर स्वास्थ्य सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण और सुधार के लिए स्वास्थ्य संस्थानों के निरीक्षण किए जाने के निर्देश में गुरूवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक और जिला के

- **औचक निरीक्षण में बिन्ता और मांरडूम पहुंचे**

टीकाकरण अधिकारी डॉ. सी मैत्री बस्तर जिले के सुदूर ग्राम बिन्ता और मांरडूम के निरीक्षण पर पहुंचे। सीएमएचओ द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोहंडीगुड़ा का निरीक्षण किया गया और वहां दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली गई। सीएचसी के लोहंडीगुड़ा में कार्यरत चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश देते हुए





संभावित क्षय रोगियों का सत्यापन के लिए प्रत्येक दिवस में 30 से 35 एक्स-रे किए जाने के निर्देश दिए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेलर और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मारडूम और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिंता में भी निरीक्षण किया गया। विभाग के प्रभारी मीडिया अधिकारी शकील खान ने बताया कि सभी सेक्टर में चल रहे साप्ताहिक बैठक का निरीक्षण कर मैदानी स्तर पर किए जा रहे कार्यों में विशेषकर रात्रिकालीन प्रसव, ऑनलाइन एंट्री, एचआरपी प्रकरण का सही समय पर पहचान और उपचार कर आवश्यक सभी सुविधा दिए जाने के निर्देश कर्मचारी और प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को दिए गए। जिससे सीडीआर और एमडीआर में कमी लाई जा सके। इस अवसर पर प्रभारी सेक्टर अधिकारी, सुपरवाइजर, और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तथा मैदानी स्तर के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### आयुष्मान कार्ड पर दिया जोर

सीएमएचओ ने बताया कि अधिक से अधिक आयुष्मान कार्ड और वय वंदन कार्ड बनाना, आरसीएच एंट्री पर विशेष जोर देते हुए समय पर सभी ऑनलाइन एंट्री पूर्ण कर जिले स्तर पर सूचना प्रेषित करने की आवश्यकता है।

# बीजादूतीर स्वयंसेवकों का हुआ 2 दिवसीय प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य एवं बाल संरक्षण कार्यक्रम अंतर्गत बीजादूतीर स्वयंसेवकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में जिले की 45 ग्राम पंचायतों से आए स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य समुदाय स्तर पर मानसिक स्वास्थ्य एवं बाल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा मनोसामाजिक प्राथमिक उपचार प्रदान करने के लिए स्वयंसेवकों को व्यवहारिक रूप से सक्षम बनाना था। यह प्रशिक्षण जिला प्रशासन, महिला एवं बाल विकास विभाग, यूनिसेफ और छत्तीसगढ़ एग्रीकॉन समिति के सहयोग से सम्पन्न हुआ।

प्रशिक्षण के पहले दिन राज्य समन्वयक दानिश के. हुसैन ने मैं हूं ना थीम पर मानसिक स्वास्थ्य तथा मनोसामाजिक प्राथमिक उपचार के महत्वपूर्ण सिद्धांत देखना, सुनना और जोड़ना पर केंद्रित सत्र लेते हुए स्वयंसेवकों को सरल एवं संवेदनशील तरीके से समुदाय की सहायता करने के कौशल सिखाए। इस दौरान स्वयंसेवकों ने अपने गांवों में मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी चुनौतियों, परिस्थितियों और अनुभवों को खुलकर साझा किया, जिससे प्रशिक्षण सत्र और भी व्यवहारिक बन गया।

दूसरे दिन ट्रेनर अंकिता ठाकुर ने बाल संरक्षण, बाल अधिकार, पोक्सो एक्ट और जिला बाल संरक्षण इकाई की संरचना एवं भूमिका पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। सत्र के दौरान जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी कांता मेश्राम, बाल संरक्षण अधिकारी राहुल कौशिक, महिला संरक्षण अधिकारी शीला भारद्वाज, गैर संस्थागत देखरेख अधिकारी नवीन मिश्रा तथा जिला बाल संरक्षण इकाई परियोजना अधिकारी अविनाश नायक और उनकी टीम की सक्रिय उपस्थिति ने कार्यक्रम को और प्रभावी बनाया। प्रशिक्षण के दौरान भ्रूण हत्या, महिला उत्पीड़न रोकथाम और बाल विवाह मुक्त बीजापुर बनाने के संकल्प को सशक्त करने हेतु शपथ एवं हस्ताक्षर अभियान भी संचालित किया गया। इसी क्रम में ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ. विकास ने मलेरिया रोकथाम, पहचान एवं जोखिम कम करने के उपायों पर उपयोगी जानकारी साझा की।

प्रशिक्षण का औपचारिक समापन कलेक्टर संबित मिश्रा एवं सीईओ जिला पंचायत नम्रता चौबे द्वारा किया गया। इस अवसर पर बीजादूतीर स्वयंसेवकों ने कलेक्टर के समक्ष दो दिवसीय प्रशिक्षण का फीडबैक एवं अपनी आगामी मासिक कार्ययोजना प्रस्तुत की। कलेक्टर संबित मिश्रा ने स्कूल वेंडे वर्राट, बस्तर ओलिंपिक, एसआईआर सर्वे, कुपोषित बच्चों की पहचान एवं भर्ती, तथा मलेरिया जागरूकता जैसे अभियानों में स्वयंसेवकों के उत्कृष्ट योगदान की सराहना की और उन्हें समुदाय में सकारात्मक परिवर्तन के लिए निरंतर सक्रिय बने रहने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने विशेष रूप से हाट-बाज़ार, रात्रि चौपाल, नुक्कड़ नाटक और एक पारा एक दिन स्वच्छता अभियान के माध्यम से मलेरिया मुक्त बीजापुर अभियान को और अधिक प्रभावी ढंग से विस्तारित करने पर जोर दिया।

# उन्नत तकनीकी से प्रतिभागियों को बनाए सशक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के 13 वें चरण के अंतर्गत संभागीय स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जिला पंचायत में किया गया। इस प्रशिक्षण में बस्तर संभाग के दंतेवाड़ा, बीजापुर, सुकमा, नारायणपुर एवं बस्तर जिलों से आए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, मलेरिया अधिकारी, खण्ड चिकित्सा अधिकारी एवं मलेरिया सलाहकारों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के 13वें चरण के संचालन हेतु सर्विलांस, घर-घर मलेरिया जांच, वेक्टर नियंत्रण, उपचार प्रोटोकॉल तथा सामुदायिक जागरूकता की उन्नत तकनीकों से प्रतिभागियों को सशक्त बनाना रहा। इस प्रशिक्षण शाला में विशेषज्ञों द्वारा मलेरिया नियंत्रण हेतु नवीन दिशा-निर्देश, जांच (आरडीटी, स्लाइड), दवा वितरण प्रणाली तथा रिपोर्टिंग के मानकीकृत तरीकों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण के दौरान वक्ताओं ने बताया कि मलेरिया उन्मूलन के लिए समय पर जांच, त्वरित उपचार और जनभागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। साथ ही ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में जागरूकता बढ़ाने तथा घर-घर पहुंचकर मलेरिया की रोकथाम के प्रयासों को और अधिक गति देने पर जोर दिया गया।

अंत में अधिकारियों ने सभी प्रतिभागियों को आगामी मैदानी कार्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए यह विश्वास व्यक्त किया कि प्रशिक्षण के माध्यम से प्राप्त ज्ञान एवं कौशल का उपयोग कर संभाग सहित जिले को मलेरिया मुक्त बनाने के लक्ष्य की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति सुनिश्चित होगी।

# सलीम बने जिला अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली




जिले की राजनीति में आज बड़ा बदलाव देखने को मिला। जब कांग्रेस पार्टी ने बचेली के सलीम रजा उस्मानी को दंतेवाड़ा जिला कांग्रेस अध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपने की आधिकारिक घोषणा कर दी।

इस निर्णय को संगठन सुदृढ़ीकरण की दिशा में पार्टी का मास्टर–स्ट्रोक माना जा रहा है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, सलीम रज़ा उस्मानी की सक्रियता, जमीनी पकड़ और संगठनात्मक क्षमता को देखते हुए आलाकमान ने उन्हें जिले की कमान देने का फैसला लिया है। उनके नियुक्त होते ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह की लहर दौड़ गई है। नए जिला अध्यक्ष सलीम रज़ा उस्मानी ने कहा कि यह जिम्मेदारी उनके लिए सम्मान के साथ-साथ बड़ी चुनौती भी है। उन्होंने कहा मैं कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करूंगा और जनता के मुद्दों को मजबूती से उठाऊँगा। स्थानीय राजनीतिक हलकों में भी इस नियुक्ति की खूब चर्चा है। माना जा रहा है कि उनके नेतृत्व में कांग्रेस आने वाले समय में दंतेवाड़ा में नई ऊर्जा के साथ सक्रिय होगी। कुल मिलाकर, सलीम रज़ा उस्मानी की ताजपोशी ने दंतेवाड़ा कांग्रेस में नई जान फूंक दी है और संगठन में एक नया अध्याय शुरू हो गया है।

# तसर रेशम उत्पादन को बढ़ावा देने लगाया कृषि मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



केंद्रीय रेशम बोर्ड, केन्द्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान नगड रांची की अधीनस्थ ईकाई केंद्रीय रेशम बोर्ड, क्षेत्रीय रेशम उत्पादन अनुसंधान केंद्र जगदलपुर शुक्रवार को शहीद गुण्डाधुर कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र के ऑडिटोरियम में तसर रेशम कृषि मेला का आयोजन किया गया।

उक्त मेले का आयोजन डॉ. एनबीचौधरी निदेशक केन्द्रीय रेशम बोर्ड-केन्द्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान रांची के मार्गदर्शन में किया गया। इस कृषि मेले में वैज्ञानिकों,अतिथियो, कृषको एंव छत्तीसगढ़ रेशम विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों सहित 235 लोगो ने भाग लिया। मेले का उद्देश्य तसर रेशम उत्पादन को बढ़ावा देना, किसानों को नवीनतम तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराना तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाना रहा। मेले में राज्य रेशम विभाग रायपुर छत्तीसगढ़ के अतिरिक्त निदेशक डा. राजेश बघेल ने मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता किया एवं कार्यक्रम का उद्घाटन किया। सुनील कुमार परिछा प्रभारी केंद्रीय रेशम बोर्ड ने अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। जयपाल बरिहा उप निदेशक रेशम ने बस्तर जिले में तसर रेशम उत्पादन की स्थिति पर प्रकाश डाला।

डॉ. बी. तिरुपम रेड्डी वैज्ञानिक-सी बस्तर ने रोगमुक्त डिम्ब समूह उत्पादन में केंद्रीय रेशम बोर्ड बुनियादी तसर रेशमकीट बीज संगठन बिलासपुर की भूमिका पर जानकारी दी। इसके अलावा मेले के दौरान सफल तसर कृषकों को मंच पर सम्मानित किया गया और स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। इस सम्मान का उद्देश्य किसानों को प्रोत्साहित करना और उनके अनुभवों को अन्य कृषकों तक पहुंचाना था।

मेले में विशिष्ट अतिथियों सीता श्रीवास प्रबंधक कोसा केंद्र ने महिला समूहों की भूमिका पर प्रकाश डाला। डा. धर्मपाल करकेट्टा ने किसानों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने की प्रेरणा एवं अनुसंधान और शिक्षा के महत्व पर बल दिया।

मुख्य अतिथि डॉ. राजेश बघेल अतिरिक्त निदेशक रायपुर ने तसर रेशम को ग्रामीण आजीविका और आत्मनिर्भरता का सशक्त माध्यम बताते हुए किसानों को प्रोत्साहित किया। तकनीकी सत्र में विशेषज्ञों डॉ. एचएस गदाद वैज्ञानिक-सी, डॉ. बी. तिरुपम रेड्डी वैज्ञानिक-सी, डॉ. विशाल मित्तल, वैज्ञानिक-डी ने तसर उत्पादन से जुड़ी विभिन्न विषयों पर विस्तार से जानकारी दी।

## 50 टीबी मरीजों को दिया पोषण आहार

**जगदलपुर।** कलेक्टर के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम टीबी मुक्त बस्तर, टीबी मुक्त छत्तीसगढ़, टीबी मुक्त भारत अभियान अन्तर्गत जगदलपुर शहरी क्षेत्र में निक्षय मित्रों द्वारा दान में प्रदायित अतिरिक्त पोषण आहार (फूड बास्केट) शहर के 50 उपचारित टीबी मरीजों को वितरण किया गया। टीबी मुक्त छत्तीसगढ़ की दिशा में दृढ़ संकल्प से आगे बढ़ने हेतु जागरूक तथा प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में जन प्रतिनिधियों में से विभिन्न वार्ड के पार्षद, रौशन सिसोदिया, आशा साहू, जोस्टिन भवानी एवं पूनम सिन्हा शामिल रहीं। स्वास्थ्य विभाग से सीएमएचओ डॉ. संजय बसाक, नोडल अधिकारी डॉ. सी. मैत्री, जिला प्रबंधक शहरी पीडी बस्तिया शहरी स्वास्थ्य केंद्रों के चिकित्सा अधिकारी, प्रशांत श्रीवास्तव, शहरी स्वास्थ्य के अधिकारी एवं कर्मचारी, एमटी एवं मितानिन उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### पुनीत व किशोर ने जीता अंतरराष्ट्रीय स्पर्धा में स्वर्ण

**दुर्गुकोंदल।** भूटान के थिंपू में संयुक्त भारत खेल प्राधिकरण द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में कांकेर जिले के उभरते एथलीट पुनीत पिस्दा ने 100 मीटर और 5000 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीतकर ऐतिहासिक उपलब्धि अपने नाम की। किशोर आर्य ने 100 मीटर दौड़ में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल हासिल किया। विजेताओं की इस उल्लेखनीय सफलता पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा विशेष सम्मान प्रदान किया गया। खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत, लगन और बेहतर प्रशिक्षण के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। मास्टर्स एथलेटिक्स एसोसिएशन ने भविष्य में और अधिक खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचाने की कार्ययोजना पर भी जोर दिया है।

### बाल विवाह जटिल सामाजिक कुरीति



**कांकेर।** सामाजिक कुरीति बाल विवाह एक जटिल कुरीति है। इसको रोकने एवं समाप्त करने के लिए गुरुवार को आमापारा वार्ड में शपथ ली गई। आमापारा वार्ड के वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता विजय लखवानी ने मोहल्ले में उपस्थित महिलाओं को शपथ दिलाते हुए कहा कि मैं प्रतिज्ञा करता हूं, बाल विवाह के विरुद्ध हर संभव प्रयास करूंगा, यह सुनिश्चित करूंगा कि मेरे, हमारे, परिवार, पड़ोस या समुदाय में बाल विवाह न हो, बाल विवाह के किसी भी प्रयास की जानकारी पंचायत, सरकारी अधिकारियों को दूंगा, बच्चों की शिक्षा और सुरक्षा के लिए अपनी आवाज उठाऊंगा और बाल विवाह मुक्त भारत के निर्माण का समर्थन करूंगा। इस अवसर पर संगीता नाग, अनिता यादव, डाली देवांगण, अनिता नाग, अनिता नेताम, अनिता मंडावी और बिरझा मंडावी उपस्थित रहें।

### 51 कुंडीय महायज्ञ के लिए हुई बैठक में रूपरेखा तय



**चारामा।** राष्ट्र शौर्य समृद्धि 51 कुंडी महायज्ञ के आयोजन को लेकर बुधवार को नगर के गायत्री मंदिर परिसर में गायत्री प्रज्ञा पीठ चारामा के पदाधिकारियो सहित नगरवासी एवं जय माँ अम्बे गरबा समिति के सदस्यो के बीच बैठक आयोजित हुई। यह कार्यक्रम 14 से 17 दिसंबर तक आयोजित की जाएगी। बैठक में आयोजन के लिए मैदान, पार्किंग, पुजा एवं यज्ञ स्थल, आयोजन समाग्री, भंडारा, पानी, सुरक्षा एव हर व्यवस्था पर चर्चा हुई। कार्यो के लिए जिम्मेदारी सौंपते हुए पदाधिकरियो की नियुक्ति की गई। यज्ञ में बैठने के लिए जोड़ो का पंजीयन किया जाना है। एंव प्रतिदिन प्रचार प्रसार कर आयोजन की जानकारी गाँव गाँव तक पहुँचाने का निर्णय लिया गया। आयोजन के लिए बैठक रविवार 30 नवंबर को आयोजन स्थल पर होगी।

## निधन

### बीरबल यादव

**कांकेर।** माहुरबंदपारा कांकेर निवासी बीरबल यादव पिता स्व. कोंदाराम यादव 27 नवंबर को निधन हो गया। वे लम्बे समय से अस्वस्थ चल रहें थे।



अंतिम यात्रा निवास स्थान माहुरबंदपारा कांकेर से मुक्तिधाम अन्नपूर्णापारा कांकेर तक 28 नवंबर को निकाला गया। वे नगर पालिका कांकेर के कर्मचारी थे।

# राज्य सरकार की अदूरदर्शी धान खरीदी नीति से किसान परेशान : पूर्व विधायक अनूप नाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंतागढ़

प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी सरकार की धान खरीदी नीति को अदूरदर्शी बताते हुए अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक अनूप नाग ने कहा कि इसकी वजह से किसानों को अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि कभी किसान पंजीयन, कभी एग्रीस्टेक, तो कभी रकबा संशोधन के नाम पर किसानों को लैम्पस, धान खरीदी केंद्र, तहसील कार्यालय, च्वाइस सेंटर और पटवारी कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि सरकार ने बिना किसी ठोस तैयारी के डीसीएस और एग्रीस्टेक जैसी योजनाओं को लागू कर दिया है, जिसके बारे में विभागों के पास भी पर्याप्त जानकारी नहीं है। पूर्व विधायक ने कहा कि किसान राजस्व विभाग, कृषि विभाग और धान खरीदी व्यवस्था के बीच लगातार फंसा हुआ है, जबकि उसके मेहनत की कमाई और परिवार की जिम्मेदारी इसी पर निर्भर करती है। किसान समाज का सबसे महत्वपूर्ण अंग है और यदि वही परेशान हो जाएगा तो समाज का सर्वांगीण विकास संभव नहीं है। इसके बावजूद निर्वाचित जनप्रतिनिधि किसानों की समस्याओं के समाधान में सार्थक प्रयास नहीं कर रहे, जिसके कारण जगह-जगह किसानों द्वारा धरना-प्रदर्शन किए जा रहे हैं। पूर्व विधायक ने आरोप लगाया कि पूर्व कांग्रेस सरकार द्वारा स्थापित कई नए धान खरीदी केंद्रों को भाजपा सरकार ने द्वेषवश बंद कर दिया है।

## पंजीयन और रकबा संशोधन में किसान उलझे

### किसानों की समस्या पर मौन

करेंगांव धान खरीदी केंद्र बंद होने से चार पंचायतों के हजारों किसानों ने दिन-रात चक्काजाम कर विरोध दर्ज कराया था। एसडीएम अंतागढ़ ने दस दिनों के भीतर केंद्र पुनः खोलने का लिखित आश्वासन दिया है, जिसका किसानों को इंतजार है। उन्होंने कहा कि जो जनप्रतिनिधि कांग्रेस शासन में छोटी-छोटी बातों पर भी आंदोलन करते थे, वही आज किसानों के वास्तविक मुद्दों पर चुप्पी साधे हुए हैं।



### सड़क निर्माण में विलंब

पूर्व विधायक ने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में स्वीकृत अंतागढ़ - नारायणपुर मार्ग के चौड़ीकरण के लिए 136 करोड़ की स्वीकृति उनके प्रयास से मिली थी, किंतु भाजपा सरकार ने इसे शुरू करने में ढाई वर्ष लगा दिए। अब 140 करोड़ की लागत से निर्माण हो रहा है, जिससे अतिरिक्त नुकसान होगा। साथ ही लगभग 4 हजार पेड़ों की कटाई से क्षेत्र का पर्यावरण भी प्रभावित होगा और वृक्षारोपण अन्य जिलों में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार किसानों और आदिवासियों के हित में काम करने में विफल साबित हो रही है, जिससे जनाक्रोश लगातार बढ़ रहा है।

### राज्य प्रावीण्य सूची में स्थान बनाने वाले विद्यार्थियों को कराया जाएगा हवाई सफर

# बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट नतीजों के लिए मोटिवेशनल कार्यशाला आयोजित की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

हमर लक्ष्य कार्यक्रम के तहत बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर परिणाम प्राप्त करने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा व्यापक तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं के शिक्षकों को परीक्षा उन्मुख अध्यापन, कठिन विषयों की रणनीति तथा छात्रों के परिणाम सुधार के लिए चार चरणों में विशेष कार्यशाला आयोजित की जा रही है।

कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन में आयोजित प्रशिक्षण के प्रथम चरण में प्राचार्यों की बैठक, द्वितीय चरण में व्यावसायिक शिक्षा के व्याख्याताओं का प्रशिक्षण और तृतीय चरण में गणित, भौतिकी, जीवविज्ञान एवं रसायन के व्याख्याताओं का उन्मुखीकरण और अंतिम चरण में अन्य विषयों की कार्यशाला आयोजित की गई। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि सभी व्याख्याता ब्लूप्रिन्ट आधारित अध्यापन करने तथा छात्रों को दो श्रेणियों अच्छे और कम अच्छे में वर्गीकृत





कर उनकी व्यक्तिगत प्रगति पर ध्यान देने प्रशिक्षित किया गया। प्रत्येक व्याख्याता कम से कम पाँच बच्चों को गोद लेकर उनके परीक्षा परिणाम में सुधार सुनिश्चित करेगा। कठिन विषयों के लिए अतिरिक्त कक्षाएँ अवकाश दिवसों में भी संचालित की जाएँगी। बताया गया कि अंग्रेजी, गणित, फिजिक्स एवं विज्ञान जैसे विषयों में नियमित अभ्यास कार्यक्रम लागू किया जाएगा, ताकि छात्र विषयों के प्रति भय दूर कर आत्मविश्वास बढ़ा सकें। उन्होंने यह भी बताया कि जो विद्यालय 100 प्रतिशत परिणाम देंगे, उन्हें सम्मानित भी किया जाएगा। इसके साथ ही जिन व्याख्याताओं के विषय में विद्यार्थियों को 100 अंक प्राप्त होंगे, उनका भी विशेष सम्मान होगा। दिसंबर माह में छमाही परीक्षा आयोजित कर विद्यालयवार समीक्षा की जाएगी और 01 जनवरी 2026 से मिशन 40 डेज के तहत दैनिक लक्ष्य आधारित तैयारी कराई जाएगी। जिन छात्रों के छमाही परीक्षा परिणाम के आधार पर राज्य प्रवीण्य सूची में आने की संभावना होगी, उनके लिए राष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञों के साथ मोटिवेशनल वर्कशॉप आयोजित की जाएगी।

कलेक्टर की मंशानुसार राज्य प्रावीण्य सूची में स्थान बनाने वाले छात्रों को जिला प्रशासन द्वारा हवाई यात्रा से मुम्बई भ्रमण कराया जाएगा। जिला प्रशासन ने जेईई और एनईईटी की तैयारी भी स्कूल समय के पूर्व या बाद में कराने के निर्देश दिए हैं। आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को मावा मोदोल निःशुल्क कोचिंग से जोड़ा जाएगा। पुलिस, सेना व वन सेवा में जाना चाहने वाले युवाओं के लिए शारीरिक एवं मानसिक दक्षता बढ़ाने हेतु अलग प्रशिक्षण भी शुरू किया जाएगा। कार्यशाला में विशेषज्ञों ने समय प्रबंधन, स्वास्थ्य, नियमित अभ्यास, एकाग्रता और परीक्षा के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया। डीईओ ने सभी व्याख्याताओं से अनावश्यक अवकाश से बचते हुए टीम भावना के साथ कार्य कर जिले को राज्य में प्रथम स्थान दिलाने की अपील की है।

# भुरके बाल क्रीड़ा के समापन में पहुँचीं विधायक सावित्री


हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



ग्राम भुरके, विकासखंड दुर्गुकोंदल में आयोजित त्रिदिवसीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने किया। कार्यक्रम के दौरान प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को ट्रॉफी, पदक एवं प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। ग्रामीणों की मांग पर विधायक ने भुरके में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 6.50 लाख रुपए की घोषणा की, जिसे सुनते ही उपस्थित जनसमूह ने हर्ष व्यक्त करते हुए आभार जताया। विधायक सावित्री मंडावी ने कहा कि आपका भुरके हमारे कांकेर जिले के अंतिम छोर पर बसा है और मेरे लिए सौभाग्य की बात है कि आज आज़ाद भारत के इतिहास में पहली बार एक जनप्रतिनिधि के रूप में आप सबके बीच उपस्थित हूँ। उन्होंने कहा कि खेल से अनुशासन, स्वास्थ्य और सकारात्मक सोच विकसित होती है। उन्होंने बच्चों को खेल व पढ़ाई दोनों में आगे बढ़ने और उच्च अंक प्राप्त कर अपने माता-पिता, गुरुओं व क्षेत्र का नाम रोशन करने की प्रेरणा दी। विधायक ने कहा कि खेल में हार-जीत सामान्य बात है, लेकिन हार को सीख में बदलकर आगे बढ़ना ही असली जीत है। युवाओं से उन्होंने विशेष अपील की कि समाज के विकास के लिए नशे का पूर्ण त्याग कर मुख्यधारा से जुड़ें। कार्यक्रम का संचालन उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ, जिसमें बच्चों ने विविध खेल स्पर्धाओं में अपनी ऊर्जा, प्रतिभा और खेल भावना का शानदार प्रदर्शन किया। भुरके की इस ऐतिहासिक सभा ने ग्रामीण क्षेत्र में खेल और शिक्षा के प्रति नई उम्मीद जगाई है। कार्यक्रम में शोपसिंग आंचला, देवलाल नरेटी, जनपद अध्यक्ष गोपी बढ़ाई, उपाध्यक्ष आनंद तेता, भानुप्रतापपुर जनपद अध्यक्ष सुनाराम तेता, जवाहर ठाकुर सरपंच, जनपद सदस्य निर्मला कोवाची, सुकचंद प्रजापति, सरपंच निलेश बढ़ाई, राजेन्द्र कोवाची, बैसाखू कल्लो, चंदन कोवाची, हिरामन आंचला, हीरा कोमरा, रजमन कोवाची, रघुनंदन गोस्वामी, दीनदयाल पटेल, सोमदेव कोरेटी, भावसिंग मंडावी, सियाराम दर्रो, शिक्षकगण, ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# चार दिवसीय वार्षिक खेलकूद में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मिला शील्ड व मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



पैराडाइज हायर सेकेण्डरी स्कूल में आयोजित चार दिवसीय वार्षिक खेलकूद का समापन गरिमामय वातावरण में हुआ। अतिथियों ने सभी छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए शाला परिवार को उनके अथक परिश्रम एवं गरिमामयी नेतृत्व तथा विद्यार्थियों की सहभागिता एवं उनकी जीत के लिए उन्हें शुभकामानाएँ दी।

समापन दिवस पर विद्यालय प्रबंधन द्वारा मुख्य अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष हलधर साहू, विशिष्ट अतिथि पूर्व अध्यक्ष चेम्बर ऑफ कामर्स राजकुमार फब्यानी, सेवानिवृत प्रधानाध्यापक भगवान लाल टॉक द्वारा स्कूल के चार सीनियर ग्रुप के विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किया गया। विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के अंतिम चरण के पश्चात समापन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें चार दिनों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल, सिल्वर मेडल और ब्रॉस मेडल पुरस्कार, प्रमाण पत्र एवं इसके अलावा सभी खेलों में विजेता एवं उप विजेता टीम को शिल्ड प्रदान किया गया। चार हाउस में बटे विभिन्न खेलों के प्रतिभागियों में से 400 पॉइन्ट बनाकर ऑरेंज हाउस प्रथम विजेता बना। 322 पॉइन्ट बनाकर रेड हाउस द्वितीय स्थान एवं ऐलों हाउस ने सभी खेलो में 315 पॉइन्ट बनाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार ग्रीन हाउस 307 पॉइन्ट बनाकर चतुर्थ स्थान पर रहा। समारोह के दौरान स्पोर्टस विभाग एवं खेल शिक्षक संतोष कुमार ठाकुर, अवतार सिंह, पार्थ ज्योति कलिता, रामेश्वरी साहू एवं यमुना बेलोधिया के सार्थक प्रयासों एवं खेल कुशलता की प्रशंसा की गई, जिनके सहयोग से संपूर्ण कार्यक्रम अत्यंत सुव्यवस्थित एवं समयबद्ध रूप में पूर्ण हुआ। इस वृहद खेलकूद को संपन्न कराने में प्राचार्य रश्मि रजक, उप प्राचार्य डॉ. श्रेष्ठिता चंदा, कोऑर्डिनेटर सुनील कुमार पंडा, कोऑर्डिनेटर अनिल कुमार ढाके, कोऑर्डिनेटर एम भुवनेश्वरी, कोऑर्डिनेटर ऐश्वर्या साहू के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ शिक्षक प्रीति झा आदि शिक्षकों का सहयोग रहा।

# मोबाइल गेम व ऑनलाइन ठगी से शाखा प्रबंधक ने किया जागरूक

**दुर्गुकोंदल।** डिजिटल इंडिया के इस दौर में मोबाइल फोन का उपयोग हर वर्ग के लोग कर रहे हैं। जहां मोबाइल उपयोग से सुविधाएँ बढ़ी हैं, वहीं साइबर अपराधों का खतरा भी तेजी से बढ़ा है। इस विषय पर भारतीय स्टेट बैंक, लोक मंडल शाखा के शाखा प्रबंधक जीतराय हेमबरोम ने आम नागरिकों व हितग्राहियों को महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए सावधानी बरतने अपील की है। शाखा प्रबंधक ने बताया कि आजकल ऑनलाइन गेम, विशेषकर क्रिकेट गेम व अन्य रियल मनी गेम्स खेलने के कारण अनेक खाताधारकों के बैंक खाते प्रभावित हो रहे हैं। साइबर अपराधी गेमिंग एप्स, लिंक, कॉल्स तथा फर्जी मैसेज के माध्यम से बैंक ग्राहकों को धोखा देकर उनके खातों से पैसा निकाल रहे है। शाखा प्रबंधक हेमबरोम ने स्पष्ट कहा कि बैंक कभी भी ग्राहकों से फोन पर एटीएम कार्ड नंबर, पिन, ओटीपी, पासवर्ड या खाता विवरण नहीं मांगता है। यदि कोई व्यक्ति खुद को बैंक कर्मचारी बताकर ऐसी जानकारी चाहता है, तो वह निश्चित रूप से ठगी का मामला है। उन्होंने आग्रह किया कि नागरिक अज्ञात लिंक पर क्लिक न करें, किसी भी ऑनलाइन ऑफर या पुरस्कार के झांसे में न आएँ और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत बैंक अथवा साइबर सेल को सूचना दें। उन्होंने यह भी कहा कि बैंक से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या होने पर सीधे शाखा पहुँचकर या अधिकृत नंबर पर ही संपर्क करें। बढ़ते बैंक फ्रॉड को देखते हुए शाखा प्रबंधक ने सभी ग्रामीण व शहरी ग्राहकों से विशेष सतर्क रहने की अपील की है, ताकि कोई भी साइबर अपराधी उनकी मेहनत की कमाई न लूट सके।



# भानुप्रतापपुर पत्रकार संघ के चुनाव में अभिषेक की जीत, राजू 5 वोट से हारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

- अध्यक्ष पद पर अजय निर्विरोध, सचिव के लिए 16 सदस्यों ने डाले वोट



स्थानीय पत्रकारिता जगत में लंबे समय से प्रतीक्षित भानुप्रतापपुर पत्रकार संघ के चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुए। इस चुनाव में संगठन के अध्यक्ष और सचिव पदों के लिए नामांकन प्रक्रिया से लेकर मतगणना तक उत्साह और जिज्ञासा देखने को मिली। अध्यक्ष पद के लिए केवल एक नामांकन दाखिल होने के कारण जहाँ अध्यक्ष का चयन निर्विरोध हुआ, वहीं सचिव पद पर दो प्रत्याशियों के बीच हुए सीधे मुकाबले ने चुनावी माहौल को खासा गर्माए रखा।

सचिव पद के लिए अभिषेक पाण्डेय और राजकुमार (राजू) दुबे आमने-सामने थे। मतदान प्रक्रिया में सभी 16 सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मतदान सम्पन्न होने के बाद हुई मतगणना में अभिषेक पाण्डेय को 11 मत प्राप्त हुए, जबकि राजकुमार दुबे को 5 मत मिले। इस प्रकार अभिषेक पाण्डेय ने 5 मतों के अंतर से जीत दर्ज करते हुए सचिव पद पर कब्जा जमाया। यह पहला अवसर है जब अभिषेक पाण्डेय संघ के सचिव के रूप में निर्वाचित हुए हैं।



मतगणना के दौरान जैसे ही परिणाम घोषित हुए, समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। विजयी अभिषेक पाण्डेय ने सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन की एकता, मजबूती और पत्रकारों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए कार्य करेंगे। दूसरी ओर नामांकन प्रक्रिया के दौरान अध्यक्ष पद के लिए केवल अजय साहू ने नामांकन फार्म खरीदा और अपना आवेदन दाखिल किया। निर्धारित समयावधि तक उनके अलावा किसी अन्य सदस्य द्वारा नामांकन न भरने के कारण वे निर्विरोध अध्यक्ष घोषित किए गए। चुनाव अधिकारी और सदस्यों ने पूरे निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भानुप्रतापपुर पत्रकार संघ के नए नेतृत्व से संगठन में नई ऊर्जा और सकारात्मक बदलावों की उम्मीद की जा रही है। चुनाव के दौरान संघ के सदस्य सुमन सिन्हा, संजय सोनी, दीपक शर्मा, राजेश रंगारी, जयंत रंगारी, मयंक सोनी, यशवंत चक्रधारी, हरेश चक्रधारी, अनुज तिवारी, अभिषेक ठाकुर, आदित्य गोलानी, आकाश साहू एवं अनिल नेताम उपस्थित रहे।

### जीवनदीप समिति की साधारण सभा हुई

# अस्पताल की व्यवस्थाओं पर की चर्चा, अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शर्मा का जीवन दीप समिति साधारण सभा का बैठक का आयोजन विधायक विधानसभा क्षेत्र भानुप्रतापपुर की अध्यक्षता में आयोजित हुई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शर्मा के 1 वर्ष की वित्तीय कार्य योजना पर चर्चा किया गया एवं अस्पताल की सेवाओं को और अच्छे से चलाने के बारे में चर्चा किया गया। अस्पताल कि आय कैसे बढ़ाया जाए इस पर चर्चा किया गया।

विधायक सावित्री मनोज मंडावी द्वारा अस्पताल के सभी व्यवस्थाओं पर क्रमवार चर्चा किया गया। जीवनदीप समिति से रखे गए सभी दैनिक वेतन कर्मचारियों के वेतन बढ़ाने, अस्पताल में सुरक्षा की दृष्टिकोण से होमगार्ड की ड्यूटी लगाने के लिए एसपी को पत्र देने, संत चिकित्सा विभाग में सामग्री की




कमी को पूर्ण करने, सीजी एमएससी विभाग से बना रहे नए भवन के कार्य को जल्दी पूर्ण, कई विशेष दवाइयां क्योंकि अस्पताल में उपलब्ध नहीं है उसे खरीदी करने के निर्देश दिए, अस्पताल में बीते 1 साल से महिला स्त्री रोग विशेषज्ञ का पद रिक्त हैं, इसके लिए शासन से मांग करने एवं अन्य विषयो पर चर्चा हुई, वहीं बीते एक-दो सालों से फंड की कमी के चलते अस्पताल में कई कार्य रुके हुए हैं, इन कार्यों के लिए कलेक्टर को पत्र लिखकर अवगत कराने के निर्देश दिए गए, टीवी के मरीजों के लिए आम जनता से उनके बेहतर स्वास्थ्य के लिए सहयोग प्रदान करने एवं पूर्व में नगर की कुछ व्यापारियों एवं नागरिकों के द्वारा अस्पताल में विभिन्न सामग्री प्रदान कर अस्पताल को सहयोग प्रदान किया गया।

बैठक में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनुविभाग चारामा, जनपद अध्यक्ष जागेश्वरी भास्कर, नगर पंचायत अध्यक्ष भुनेश्वर नागराज, खंड शिक्षा अधिकारी चारामा, नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत चारामा, अनुविभागीय अधिकारी छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल चारामा, लोक निर्माण विभाग चारामा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओपी शंखवार, जीआर मंडावी, धनंजय बनसोड, बीटीईओ एवं अन्य कर्मचारि उपस्थित रहें।

